समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# *निगम के सफाई संरक्षकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण*

रतलाम 27 अक्टूबर । कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषात्तम द्वारा दिये गये निर्देशों क तहत निगम सफाई संरक्षको के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में लगाये गये शिविर में 169 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि निगम के सफाई संरक्षक स्वस्थ रहे इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में प्रात 11 से सांय 5 बजे तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जिसमें जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन व अन्य स्टॉफ द्वारा कर्मचारियो की डेंगू, टाईफाईड, टी.बी. आदि बीमारियों की जांच की गई।

## *27 अक्टूबर को 1 मिट्रिक टन से ज्यादा कचरा जुलवानिया पंहूचा*

रतलाम 27 अक्टूबर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर–घर से पृथक–पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले–सूखे कचरे व सड़को व नाले–नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा ह जिसके तहत 27 अक्टूबर बुधवार को 1 मिट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

27 अक्टूबर बुधवार को डम्पर से 44260, ट्रेक्टर से 11695 काम्पेक्टर सूखा कचरा 20550, गीला कचरा 30300 किलो इस तरह कुल 106805 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

# *49 हैण्ड स्प्रै मशीन से एक साथ वार्डो में हो रहा है प्रतिदिन कीटनाशक दवा का छिड़काव*

रतलाम 26 अक्टूबर । नगर के नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा प्रतिदिन प्रत्येक वार्ड में एक ही समय में 49 कर्मचारियों द्वारा हैण्ड स्प्रै मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार 1 वार्ड में एक ही समय में एक साथ 49 कर्मचारियों द्वारा हैण्ड स्प्रै मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव प्रारंभ किया गया है ताकि नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सके।

26 अक्टूबर बुधवार को 27 अक्टूबर गुरूवार को वार्ड क्रमांक 31 से 35 तक प्रातः 6 से 10 व वार्ड क्रमांक 36 से 40 तक सांय 6 से रात्री 10 बजे तक, 28 अक्टूबर शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 41 से 45 तक प्रातः 6 से 10 व वार्ड क्रमांक 46 से 49 तक सांय 6 से रात्री 10 बजे तक प्रतिदिन कुल 10 वार्ड में एक ही समय में एक साथ 1–1 वार्ड में 49 कर्मचारियों द्वारा हैण्ड स्प्रै मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जायेगा तथा पांच दिन पश्चात् इसी क्रम को पुनः दोहराया जायेगा।

